दिनांकः 02.08.2025 समय : 18.30 पीएम

**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी की–कहा–पीएम धन धान्य योजना पर 24 हजार करोड़ रूपये खर्च किये जायेंगे।**

- **मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा– सरकार किसानों को पानी–बिजली की समुचित आपूर्ति के लिए प्राथमिकता से काम कर रही है।**

- **राजस्थान विधानसभा में युवा संसद का आयोजन–13 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के युवाओं ने हिस्सा लिया।**

- **राज्य में अब तक हुई बारिश से जल संग्रहण बेहतर स्थिति में–260 बांध लबालब।**

----------------------

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी की। श्री मोदी ने वाराणसी से देशभर के 9 करोड 70 लाख से अधिक किसानों के खातों में 20 हजार 500 करोड़ रूपये की राशि हस्तान्तरित की। प्रधानमंत्री ने लगभग 22 सौ करोड़ रुपये की लागत वाली 52 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ भी किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में सरकार ने किसानों की हर समस्या के समाधान के लिए पूरी गंभीरता से प्रयास किया है। श्री मोदी ने बताया कि किसानों के लिए पीएम धन धान्य योजना भी शुरू की गई है। इसके तहत 24 हजार करोड़ रूपये खर्च किये जायेगें।

----------------------

उन्होंने त्यौहारों के मौसम में स्थानीय उत्पादों की खरीद करने का आह्वान किया। इधर प्रदेश के 75 लाख किसानों के खातों में इस योजना के तहत करीब 1600 करोड़ रूपये आये हैं। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बांसवाड़ा में आयोजित समारोह में कहा कि सरकार किसानों के साथ खड़ी है और उनके विकास के लिए

काम कर रही है। श्री शर्मा ने कहा कि आज किसान अन्नदाता है, आने वाले समय में किसान ऊर्जादाता भी बनेगा। उन्होंने कहा कि 22 जिलों में किसानों को दिन में भी बिजली मिल रही है।

--------------------------

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को चाबियां भी सौंपी। श्री शर्मा ने बांसवाड़ा में मक्का प्रोसेसिंग यूनिट लगाने, बांशिया भील स्मारक और कालीबाई संग्रहालय बनाने की घोषणा भी की। पीएम किसान सम्मान निधि वितरण कार्यक्रम को सभी जिलों में पीएम–किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया गया। इसमें राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय समारोह का सीधा प्रसारण किया गया।

किसान अपने बैंक खातों में सम्मान निधि पाकर काफी उत्साहित नजर आए। अजमेर और सवाईमाधोपुर जिले के काश्तकारों ने इसके लिए सरकार का आभार जताया।

----------------------

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भारतीय रेलवे को अनुशासन और समपर्ण का पर्याय बताया है। उन्होंने कहा कि रेल परिचालन तंत्र में रेलवे जनसम्पर्क कर्मियों की बड़ी भूमिका है। श्री बिरला आज कोटा में रेलवे के जनसम्पर्क विभाग की ओर से आयोजित अखिल भारतीय जनसम्पर्क सेमिनार में बोल रहे थे। श्री बिरला ने कहा कि रेल यात्रा को सुविधाजनक और सुरक्षित बनाने के लिए कई प्रयास किये गये हैं। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि रेलवे जनसम्पर्क विभाग की मांगों, समस्याओं तथा चुनौतियों को रेलमंत्री तक पहुंचाया जाएगा।

----------------------

कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने आर्टिफिशियल इन्टेलीजेंस का जिम्मेदारी के साथ इस्तेमाल करने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि तकनीक के माध्यम से कई नवाचार हो रहे हैं किन्तु इसका सही प्रकार से उपयोग किया जाना चाहिए। श्री मेघवाल आज आईआईटी जोधपुर के स्थापना दिवस समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस संस्थान के विद्यार्थियों में विभिन्न समस्याओं का तकनीकी समाधान प्रस्तुत करने की क्षमता है। श्री मेघवाल ने विद्यार्थियों से राष्ट्रीय चुनौतियों का समाधान पेश करने के लिए आगे बढ़कर काम करने का आह्वान किया।

----------------------

चुनाव आयोग ने बूथ लेवल अधिकारियों –बीएलओ का पारिश्रमिक दोगुना कर दिया है। मतदाता सूची तैयार करने और पुनरीक्षण के काम में शामिल बीएलओ पर्यवेक्षकों का मानदेय भी बढ़ा दिया गया है। आयोग के

अनुसार बीएलओ का वार्षिक पारिश्रमिक छह हज़ार रुपये से बारह हज़ार रुपये कर दिया गया है। इसके अलावा मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के लिए बीएलओ को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि एक हज़ार रुपये से बढ़ाकर दो हज़ार रुपये कर दी गई है। मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया की देखरेख में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले बीएलओ पर्यवेक्षकों को अब बारह हज़ार रुपये की बजाय अठारह हज़ार रुपये सालाना मिलेंगे। चुनाव आयोग ने पहली बार एईआरओ के लिये 25 हजार रूपये और ईआरओ के लिए 30 हज़ार रुपये मानदेय देने की व्यवस्था की है।

---------------------

नीति आयोग के सम्पूर्णता अभियान और आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत आज सिरोही में आकांक्षा हाट का आयोजन किया गया। सांसद लुम्बाराम चौधरी और मंत्री ओटाराम देवासी ने इसका शुभारंभ किया। आंकाक्षा हाट में स्थानीय महिला स्वयं सहायता समूह की ओर से विभिन्न स्टॉल्स लगाये गये। इनमें हस्तशिल्प, खाद्य सामग्री और कई तरह के उत्पाद बिक्री के लिए उपलब्ध करवाये गये।

---------------------

राजस्थान विधानसभा में आज युवा संसद का आयोजन किया गया। राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा की ओर से हुए इस कार्यक्रम में 13 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के 168 युवाओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किये। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने युवा संसद का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री देवनानी ने कहा कि ये आयोजन छात्रों में नेतृत्व, अभिव्यक्ति और निर्णय लेने की प्रकिया में शामिल होने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं को लोकतंत्र में भागीदार बनने की प्रेरणा मिलती है।

---------------------

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज सलूम्बर के धौलागढ़धाम पहुंचे। उन्होंने श्रावण महाकुम्भ महोत्सव में भाग लिया और श्रद्धालुओं को सम्बोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार तीर्थ विकास और धार्मिक पर्यटन को लेकर लगातार प्रयास कर रही है।

---------------------

प्रदेश में मौसम विभाग ने आज पांच जिलों अलवर, करौली, भरतपुर, दौसा और धौलपुर में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं नया परिसंरचरण तंत्र सकिय होने से भरतपुर और जयपुर संभाग के कुछ भागों में कल से बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने का अनुमान है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम

शर्मा ने बताया कि 4 अगस्त को भरतपुर संभाग और आसपास के जिलों में कहीं–कहीं बहुत भारी बारिश हो सकती है।

वहीं जोधपुर और बीकानेर संभाग के अधिकतर हिस्सों में अगले एक सप्ताह तक बारिश की गतिविधियों में कमी के आसार हैं।

----------------------

इस बीच बीते चौबीस घंटों में सबसे ज्यादा 16 सेंटीमीटर पानी श्रीगंगानगर में बरसा। हनुमानगढ़ के गोलूवाला में भी 15 सेंटीमीटर से अधिक बारिश दर्ज हुई। भरतपुर, कोटा, सीकर, डूंगरपुर, भीलवाड़ा, सिरोही में भी 2 से 5 सेंटीमीटर बारिश हुई।

राज्य में एक जून से एक अगस्त तक 403 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड हुई है जो पूरे मॉनसून सीजन का करीब 94 प्रतिशत है। अब तक हुई अच्छी बरसात होने से जल संग्रहण भी बेहतर स्थिति में है। बांधों में कुल भराव क्षमता का 76 प्रतिशत से अधिक पानी आ गया है। 693 में से 260 बांध अपनी पूरी जलभराव क्षमता तक पहुंच गये हैं।

लगातार हो रही बारिश को देखते हुए जयपुर में केन्द्रीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष पूरी तरह से सक्रिय है और भारी बारिश वाले जिलों की स्थिति पर लगातार नजर बनाये हुए है। मूलसलाधार बारिश से कई जिलों में हादसे भी सामने आये हैं। भरतपुर के भुसावर क्षेत्र के बोराज गांव में बरसात के कारण मकान ढहने से एक दम्पत्ति की मौत हो गई। उधर हनुमानगढ़ जिले के ऊदासर गांव में कच्चे मकान की छत गिरने से एक बालिका की मृत्यु हो गई।

----------------------